an>

Title: Regarding anamolies in the list of the socially and economically backward people in the 2011 Census.

श्री दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती) : अध्यक्ष महोदया, मैं सदन और सरकार का ध्यान 2011 में हुई जनगणना के तहत सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण की सूची की विसंगतियों की ओर दिलाना चाहता हूं। उल्लेखनीय है कि यही सूची विभिन्न योजनाओं की पात्रता के लाभार्थियों की सूची भी है। चाहे वह प्रधान मंत्री आवास योजना हो, चाहे हमारी भारत सरकार एवं यशस्वी प्रधान मंत्री, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी क्रांतिकारी उज्जवला योजना हो। लेकिन इस सूची में इतनी विसंगतियां हैं कि तमाम पात्रों के नाम छूटे हुए और अपात्रों के नाम सम्मिलित हैं। इसकी हद तब हो गई कि जब उसमें हमारे संसदीय क्षेत्र जनपद बलरामपुर के उत्तर प्रदेश सरकार के एक माननीय मंत्री जी का नाम शामिल हैं। जिस सूची में गरीबों के नाम सम्मिलित होने चाहिए, उस सूची में माननीय मंत्री जी के स्वयं के समेत उनके परिवार के सात सदस्यों के नाम दर्ज हैं। इसी तरह बहुत सारी ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जहां का एक भी पात्र व्यक्ति उस सूची में नहीं पाया गया। क्या ऐसा संभव है कि किसी गांव पंचायत में एक भी पात्र व्यक्ति न पाया जाए।

महोदया, माननीय गृह मंत्री जी भी यहां मौजूद हैं, इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं,कि पुनः सर्वेक्षण कराकर छूटे हुए पात्र व्यक्तियों के नाम सूची में फिर से सम्मिलित कराने की कृपा करें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री शरद त्रिपाठी, श्री भैंरो प्रसाद मिश्र, श्री विÂष्णु◌् दयाल राम एवं श्री विद्युत वरण महतो को श्री दद्दन मिश्र द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।